हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 3 नवंबर 2025











GE Signature Series
विश्वस्तरीय सोनोग्राफी मशीन राजिम में
भारत में केवल 120 मशीनें
पहली बार गर्भवती महिलाओं के बच्चे के दिल का जाँच की सुविधायें उपलब्ध अब राजिम में
लाईफ केयर
एडवांस्ड डायग्नोस्टिक सेंटर
पथर्रा रोड, राजिम मो.नं. 9340789101



## खबर संक्षेप

### विधायक रोहित का जनदर्शन स्थगित

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व द्वारा राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव में महत्वपूर्ण प्रचार अभियान की जिम्मेदारी सौंपे जाने के बाद उनका नियमित जनदर्शन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।



विधायक कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विधायक अगले कुछ दिनों तक बिहार के बांकीपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी नीत एनडीए उम्मीदवार तथा छग भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन के समर्थन में प्रचार करेंगे। इस दौरान वे कई चुनावी रैलियों और जनसभाओं को संबोधित करेंगे। बिहार विधानसभा चुनाव में जिम्मेदारी मिलने के चलते जनदर्शन कार्यक्रम कुछ दिनों तक स्थगित रहेगा। विधायक रोहित साहू चुनाव प्रचार से लौटने के बाद उनका पूर्व की तरह जनदर्शन कार्यक्रम होगा। विधायक रोहित साहू को यह जिम्मेदारी ऐसे समय में मिली है जब बिहार में चुनावी सरगर्मियां तेज हैं, जो उनकी राजनीतिक सक्रियता और पार्टी में बढ़ते कद को दर्शाती है। उक्त जानकारी उनके निज सहायक किशोर साहू ने दी है।

### नाचबो अऊ नचाबो डीजे डांस प्रतियोगिता 5 को

**छुरा।** कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर, प्राथमिक शाला प्रांगण ग्राम गिधनी में 5 नवंबर को रात्रि 7:00 बजे से एक शानदार डीजे डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में सामूहिक, युगल और एकल नृत्य की तीन श्रेणियों में प्रतिभागी अपना जलवा दिखाएंगे।

### कार की टक्कर से बाइक चालक घायल

**महासमुंद।** ग्राम धामनघुटकुरी मेन रोड में कार की टक्कर से बाइक चालक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट बसना थाने में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थिया शशिबाई पालेश्वर पति खान सिंह पालेश्वर निवासी ग्राम संतपाली ने बताया कि 31 अक्टूबर को उसके पति खान सिंह पालेश्वर अपनी मोटर सायकल एचएफ डीलक्स क्र सी जी 06 जी एल 4803 से ग्राम बरेकेल दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर वापस संतपाली लगभग 4.00 बजे के आसपास आ रहे थे।

# नक्सलियों के तीन ठिकानों से आईडी सामग्री व कुकर बम का जखीरा बरामद

**जंगल में जिला पुलिस की बड़ी कामयाबी, तीन अलग-अलग स्थानों पर जमीन में गाड़े गए संदिग्ध डंप मिले**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिला पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना शोभा और थाना पायलीखण्ड़ (जुगाड़) क्षेत्रांतर्गत ग्राम साईबीनकछार, कोदोमाली और भूतबेड़ा के जंगलों में पुलिस ने तीन अलग-अलग स्थानों पर नक्सलियों द्वारा डम्प की गई भारी मात्रा में आईईडी बनाने का सामान, चार कुकर बम, इलेक्ट्रिक वायर, फटाखे और राशन सामग्री बरामद की है। जिला मुख्यालय से लगभग 90 किलोमीटर दूर स्थित इन इलाकों में यह कार्रवाई जिला पुलिस बल की ऑपरेशन ग्रुप (ई-30) टीम द्वारा की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि प्रतिबंधित माओवादी संगठन उदंती एरिया कमेटी के नक्सलियों ने पुलिस बल और ग्रामीणों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से जंगल में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी है। सूचना के आधार पर रविवार सुबह ऑपरेशन टीम ने बीडीएस (बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड) के साथ सघन सर्च अभियान चलाया। तलाशी के दौरान पुलिस को जंगल के अंदर तीन अलग-अलग स्थानों पर जमीन में गाड़े गए संदिग्ध डम्प मिले। खुदाई करने पर वहां से विस्फोटक सामग्री, चार प्रेशर कुकर, इलेक्ट्रिक वायर, फटाखे और अन्य राशन सामग्री बरामद की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नक्सलियों की दहशत फैलाने और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम करने में अहम साबित हुई है। गरियाबंद पुलिस ने इस सफलता को माओवादी नीतियों के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि बताया है।



### पुलिस अधिकारियों ने बताया अहम कामयाबी

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई नक्सलियों की दहशत फैलाने और सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने की मंशा को नाकाम करने में अहम साबित हुई है। गरियाबंद पुलिस ने इस सफलता को माओवादी नीतियों के विरुद्ध एक बड़ी उपलब्धि बताया है, जिससे इलाके में शांति और सुरक्षा स्थापित करने के प्रयासों को बल मिलेगा।



**हादसा : बच्ची छोटी बहन के साथ छत में खेल रही थी तभी तार के चपेट में आ गई**

# हाईटेंशन तार की करेंट से 8 साल के मासूम की मौत, ग्रामीणों ने किया विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शहर से लगे पारागांव ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 20 में एक 8 साल की मासूम बच्ची की दर्दनाक मौत हाईटेंशन तार के करेंट से हो गई। जानकारी के मुताबिक यह बच्ची छोटी बहन के साथ छत में खेल रही थी। हल्की बारिश होने की वजह से छत के ऊपर से गए हाईटेंशन तार के करेंट ने बच्ची को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना की जानकारी होने के बाद घर के लोग बच्ची को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉ. ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। 8 साल की इस बच्ची का नाम अरहमा पिता अब्दुल खान बताया गया है। इस दुर्घटना को लेकर नवापारा के मुस्लिम समाज ने न केवल तीव्र आक्रोश जाहिर किया बल्कि बिजली दफ्तर के सामने सांकेतिक रूप से धरना और प्रदर्शन भी की। सुन्नी मुस्लिम जमात के अध्यक्ष अल्तमश सिद्धिकी ने पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए शासन से सहायता राशि यथाशीघ्र दिए जाने की मांग किया है। चूंकि जिस परिवार में यह घटना हुई है वह काफी गरीब परिवार है उनकी ▶▶|शेष पेज 10 पर





### कार्रवाई करेंगे

इस संबंध में मुस्लिम समाज एवं मुहल्लेवासियो ने पूर्व में कई बार विभाग के अफसरों का न केवल ध्यान आकर्षित किया बल्कि बिजली खंभा और हाईटेंशन तार को हटाने की मांग भी की। लेकिन विभाग के अफसरशाही की वजह से न तो खंभा हटा और न ही हाईटेंशन तार और यह घटना हो गई। अभी यहां विभाग में नया कार्यपालन अभियंता श्री प्रसाद आए है। घटना की खबर पर वे मौके पर पहुंचे और मुस्लिम समाज तथा मुहल्लेवासियों को आश्वस्त किया कि इस खंभे और हाईटेंशन तार को हटाने के लिए शीघ्र कार्रवाई करेंगे। कार्यपालन अभियंता द्वारा आश्वस्त करने पर मुहल्लेवासियों ने संतोष जाहिर किया है। अब देखना यह है कि दुर्घटना को अंजाम देने वाले और भविष्य में भी खतरा बने यह खंभा और हाईटेंशन तार कब तक हटता है?

### धान कटाई कर रहे किसान को सर्प ने डसा, मौत

**नवापारा-राजिम।** ग्राम सुंदरकेरा के मेहनतकश किसान संतोष साहू उम्र 42 वर्ष को एक जहरीले सर्प ने उस वक्त डस लिया जब वे अपने खेत में धान की कटाई हसिया से कर रहे थे। सर्प डसने से उसकी मृत्यु हो गई। जानकारी के मुताबिक खेत में उस वक्त मृतक किसान के अलावा 10-12 अन्य मजदूर भी कटाई में लगे हुए थे। आधा खेत में फसल की कटाई हो गई थी। कुछ देर बासी और रोटी खाने के बाद थोड़ा विश्राम किए फिर सारे लोग कटाई में जुट गए। फसल में हसिया चलाते-चलाते एक साथ एक लाइन से सभी लोग कटाई करते आगे बढ़ रहे थे तभी कोई जहरीला सर्प किसान संतोष साहू के दाहिने पैर के छोटी उंगली को काटा और इसके तत्काल बाद कटाई के लिए कमर झुकाए किसान के घुटने को भी डस लिया। ये घटना कुछ ही पल में हो गया। किसान को जब एहसास हुआ कि उसे सर्प ने डसा है और जहर चढ़ने लगा तो फौरन अन्य लोगों की मदद से उन्हें शहर के एक निजी चिकित्सालय में पहुंचाया गया। यहां ठीक नहीं होने पर रायपुर के लिए रिफर किया गया। चार दिनों तक जीवन और मौत के बीच संघर्ष करने वाले किसान की मौत आखिर 1 नवंबर शनिवार को हो गई। किसान की मौत से परिवार के लोगों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे गांव में शोक का वातावरण है। ये घटना 28 अक्टूबर की है जब वे मजदूरो के ▶▶|शेष पेज 10 पर



### शहर के सुप्रसिद्ध श्रीराधा कृष्णा मंदिर में आज से नगर भोज



**नवापारा-राजिम।** सेठ भागीरथ चतुर्भुज अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित शहर के सुप्रसिद्ध श्री राधाकृष्ण मंदिर में 3 नवंबर से नगर भोज का आयोजन होने जा रहा है। मंदिर को 100 वर्ष पूरे होने पर यहां बड़ा कार्यक्रम आयोजित है। मंदिर के सर्वराकार मोहनलाल अग्रवाल,गोपाल गिरधारी अग्रवाल ने बताया कि हमारे पूर्वजों द्वारा निर्मित इस मंदिर को बनते तो हमने नही देखा,परंतु 100 वर्ष पूरा होते देखना हमारा सौभाग्य है,इसलिए इस ऐतिहासिक क्षण को शताब्दी महोत्सव के रूप में यादगार बनाया जा रहा है, जिसमें पूरे नगरवासी तन मन से जुड़कर इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है। 3 नवम्बर से प्रारम्भ होकर 30 नवम्बर को समापन होगा। 27 दिन के इस महाआयोजन में नगर भोज, विशाल विष्णु महायज्ञ, विशाल कलश शोभा यात्रा,नानी बाई का मायरा जो कि नरसिंग भगत एवं सांवरिया सेठ की भाव पूर्ण ▶▶|शेष पेज 10 पर

## पारंपरिक रीति-रिवाजों से कराया तुलसी-विवाह

**मुड़ागांव (कोरासी)।** ग्राम भैरा में यदु परिवार ने देवउठनी एकादशी व्रत के पवित्र पर्व में भगवान श्री विष्णु का तुलसी माता का विवाह परम्परागत तरीके से विवाह का मंडप तेल हल्दी व टिकावन की रस्म भी किया गया। तुलसी माता को श्रंगार कर भोग आरती कर देवउठनी एकादशी व्रत त्योहार बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें प्रमुख रूप से टिकेश, प्रीती यदु, नीधी, धीरज, पंकज, आदीती, राशि, सपरिवार घर पर सब मिलकर तुलसी विवाह संपन्न किया गया।



**मरम्मत की तरफ विभाग नहीं दे रहा ध्यान**

# उपेक्षा का शिकार बिन्द्रानवागढ़ का वन विश्राम गृह, खंडहर में तब्दील हो रहा ऐतिहासिक भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ मे वन विभाग का विश्राम गृह कुछ वर्षों तक काफी लोकप्रिय विश्राम गृह हुआ करता था यहां बडे जनप्रतिनिधि और अफसर क्षेत्र के दौरे के दौरान रूकते थे और स्थानीय ग्रामीणों के समस्याओं को भी सुनते थे जिससे जनता और अफसरो के बीच तालमेल बना रहता था तथा ग्रामीणों के समस्याओं का समाधान हो जाता था यह विश्राम गृह अब बेहद जर्जर स्थिति मे पहुंच गया है अंदर टूटफूट गया है और वन विभाग इसके न तो रख रखाव के तरफ ध्यान दे रहे है और न ही मरम्मत की तरफ जिसके कारण यह एक बेहतर विश्राम गृह खंडहर मे तब्दील होते जा रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 23 किलोमीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग के ऊपर ग्राम बिन्द्रानवागढ स्थित एक मात्र वन विभाग का विश्राम गृह दिनों दिन देखरेख के अभाव में खण्डहर में तब्दील होता जा रहा है, जबकि यह विश्राम गृह को मरम्मत की जरूरत है लेकिन इस ओर वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है, ज्ञात हो कि ग्राम बिन्द्रानवागढ़ में लगभग 15 वर्ष पहले लाखों रूपये की लागत से वन विभाग द्वारा आलीसान विश्राम गृह का निर्माण किया गया था यह विश्राम गृह इस ▶▶|शेष पेज 10 पर

### विश्रामगृह की मरम्मत हो

इस लिहाज से भी विश्राम गृह काफी महत्वपूर्ण है, वन विभाग के स्थानीय अधिकारी कर्मचारियों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण धीरे -धीरे यह विश्राम गृह खण्डहर के रूप में तब्दील होता जा रहा है क्षेत्र के लोगों ने वनमंत्री केदार कश्यप एवं गरियाबंद वन विभाग के डीएफओ शशिकानंद से मांग किया है कि विश्रामगृह की मरम्मत करवाया जाए और यहां आने वाले पर्यटकों, श्रद्धालुओं को इसका लाभ मिल सके।



## पानी में भीगे धान को गांव की गलियों और रंगमंच पर सुखा रहे हैं किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के किसान कटी फसल को बचाने में जुटे कृषक छप्पर डालकर ढक रहे हैं, मौसम की बेरूखी ने किसानों ने को घरों तक परेशान कर दिया है। जिनके खेतों में धान कट चुकी है,वे अब भीगी फ़सल को बचाने के लिए गांव की गलियों और रंगमंच पर अनाज को सुखा रहे हैं, पूंजी खेतों में डूबी पड़ी है,लागत बढ रही है और उम्मीद घटती जा रही है। अंचल में अनेक किसानों के देर से पकने वाले धान की प्रजाति को भी नुकसान पहुंचा है क्योंकि उक्त धान की बाली अभी निकल रही थी कि पानी हवा व पानी ने उन्हें गिरने पर खेत में ही मजबूर कर दिया है। फलस्वरूप धान की बाली खेत के गीले हिस्से में गिरने व कुछ धान फसल के खड़े रहने के बावजूद उसमें बदरा किस्म के धान उत्पन्न हो रहें हैं। हर रोज बदली और उमस के कारण अनुकूल मौसम से कीट प्रकोप का असर देखने को मिल रहा है। रसेला सहित क्षेत्र के कृषि केन्द्रों में धड़ल्ले से बिक रहे कीट नाशक दवाइयों के आंकड़ों से पता चलता है कि अधिकांश खेतों की फसल पर अब कीटों का हमला जारी है। वहीं गांव में खेती किसानी का काम फसल कटाई मौसम के खुलने के इंतजार में लगातार पिछड़ती जा रही है। इधर क्षेत्र के समितियों में 15 नवंबर से ▶▶|शेष पेज 10 पर



### धान को सुखाने के लिए प्रयाप्त जगह नहीं

गीले खेतों में किसान फसल कटाई के लिए रिपर उपकरण का कम उपयोग कर रहे हैं, ट्रक हार्वेस्टर का उपयोग चलन में आई है। हार्वेस्टर में चैन हार्वेस्टर किसानों को खूब भा रही है। क्योंकि खेतों में नमी है और चैन हार्वेस्टर आसानी से खेतों में चलकर कटाई कर रहा है। किसान अमरू राम ठाकुर, फगनु राम, बिग्रेद्र ठाकुर, नंदकिशोर यादव, नरेंद्र ठाकुर, सुखराम ठाकुर, सीता राम यादव आदि लोगों ने कहा कि धान को सुखाने के लिए प्रयाप्त जगह नहीं होने से किसानों की चिंता बढ़ गई है। इन्होने कहा कि सुबह धान को सुखाने बियार या गलियों में निकलकर सुखाने का कार्य हर रोज करते हैं, और कब किस समय बारिश हो जाएं इसके लिए हर वक्त एक आदमी तैनात रखना पड़ता है। पैदावार और गुणवत्ता दोनों पर असर पड़ रहा है। इस बार लागत और मेहनत ज्यादा लग रही है।



## खबर संक्षेप



### गांव का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता हैः तुषार

**महासमुंद।** ग्राम सेनकपाट में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू शामिल हुए। इस दौरान तुषार ने कहा कि गांव की संस्कृति भारतीय समाज की जड़ों को दर्शाती है। यहां कुछ विशेषताएं हैं जो गाँव की संस्कृति को परिभाषित करती हैं। गांव में सामाजिक समरसता और एकता का भाव प्रबल होता है। लोग एक दूसरे के साथ मिलजुल कर रहते हैं और परस्पर सहयोग करते हैं। गांव में पारंपरिक त्योहारों और रीति-रिवाजों का पालन किया जाता है। लोगों का जीवन सरल और सादगीपूर्ण होता है, जो उन्हें अधिक संतुष्ट और खुश रखता है।



### उखरा में कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**नर्रा।** जय चमरू मांझी स्पोट्स क्लब ग्राम उखरा लामीसरार के तत्वावधान में 4 और 5 नवंबर को दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। मैच काशुभारंभ रात्रि 8 बजे मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव नायकराम चंद्राकर अध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा एवं विशिष्ट अतिथि में तरूण व्यवहार उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बागबाहरा, जनपद सदस्य देवकी नवल गायकवाड़, पूर्व जनपद सदस्य उत्तमराणा, पूर्व सरपंच नवनीत नाग, प्रीतम चौधरी सरपंच उखरा, सरपंच अरुण चंद्राकर भलेसर, उपसरपंच चैतराम निषाद होंगे। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महासमुंद जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर होंगे। अध्यक्षता जनपद सदस्य एवं सरपंच संघ अध्यक्ष पूजा एवन साहू करेंगी। विशेष अतिथि नितिन जैन मंडल अध्यक्ष कोमाखान, दुबेलाल साहू जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा भाजपा, जनपद सदस्य रेणुका धनीराम मरकाम, सरपंच पूर्णिमा सोनवानी, सरपंच कौशिल्या पटेल, सरपंच डेविड नायक होंगे।

## कार्य : विधायक ने मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का जताया आभार

# भदरपाली में 6.82 करोड़ की लागत से बनेगी पुलिया, निर्माण कार्य शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बसना

ग्राम पंचायत गिधली के आश्रित ग्राम

- विधायक की पहल लाई रंग, 2012 से लंबित मांग हुई पूरी
- बसना विधायक डॉ.संपत अग्रवाल की पहल से पूरी हुई 12 साल पुरानी मांग

भदरपाली के निवासियों की एक दशक से अधिक पुरानी मांग आखिरकार पूरी हुई। बसना विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के अथक प्रयासों और पहल के फलस्वरूप, भदरपाली में 6.82 करोड़ रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति के साथ एक महत्वपूर्ण पुलिया निर्माण कार्य का विधिवत आरंभ हो गया है। इस निर्माण कार्य के शुरू होने से ग्रामवासियों में हर्ष की लहर है और क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है।



विधायक डॉ संपत अग्रवाल ने कहा कि यह पुलिया निर्माण कार्य वर्ष 2012 से लंबित था, जिसके कारण बरसात के मौसम में ग्रामीणों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। विधायक बनने के बाद इस मांग को प्राथमिकता से लेते हुए, लगातार शासन स्तर पर प्रयास किया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। विधायक ने कहा कि बसना विधानसभा क्षेत्र के लोगों की सेवा मेरा सर्वोपरि लक्ष्य है। गिधली के भदरपाली में पुलिया निर्माण की यह मांग बहुत पुरानी थी, और मुझे खुशी है कि यह आज पूरी हो रही है। यह पुलिया न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगी। परियोजना की स्वीकृति के लिए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने राज्य सरकार के नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की।

उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मैं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरुण साव का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने क्षेत्र की इस महत्वपूर्ण आवश्यकता को समझा और 6.82 करोड़ की राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की। यह स्वीकृति क्षेत्र के प्रति उनकी संवेदनशीलता और विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### ग्रामीणों में अपार हर्ष

पुलिया निर्माण कार्य के शुभारंभ पर ग्राम भदरपाली और गिधली के ग्रामीणों ने सरकार और विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। पुलिया निर्माण के लिए ग्रामवासियों ने सरकार और विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पुलिया के बनने से हमारा दशकों पुराना सपना साकार हो गया है। बरसात के दिनों में हमें मुख्य मार्ग से कट जाना पड़ता था, जिससे बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच मुश्किल हो जाती थी। हम विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के आभारी हैं, जिन्होंने हमारी समस्या को समझा और इसे प्राथमिकता से हल कराया। हम मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री का भी धन्यवाद करते हैं। इस अवसर पर सरपंच शोभित मांझी सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जिला सहकारी बैंक के एटीएम में तकनीकी खराबी से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| छुरा




क्षेत्र के किसानों के लिए राहत का माध्यम बने जिला सहकारी बैंक के एटीएम इन दिनों परेशानी का सबब बन गए हैं। पिछले कुछ महीनों से एटीएम मशीन में लगातार तकनीकी खराबी आने के कारण किसानों को अपनी मेहनत की कमाई निकालने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक प्रबंधन द्वारा लगभग 4000 किसानों को एटीएम कार्ड जारी किए गए हैं ताकि वे अपनी सुविधा अनुसार किसी भी समय राशि निकाल सकें और बैंक की भीड़ से बच सकें। लेकिन अब एटीएम मशीन में तकनीकी गड़बड़ी आने के कारण यह सुविधा किसानों के लिए मुसीबत बन गई है। जानकारी के अनुसार, एटीएम बॉक्स में स्क्रीन फ्रीज होने, ट्रांजेक्शन बीच में रुक जाने और बार-बार मशीन के बंद हो जाने जैसी समस्याएं आ रही हैं। सबसे बड़ी समस्या यह है कि लाइट बंद होते ही एटीएम का स्क्रीन ब्लैंक हो जाता है, जिससे ग्राहकों को दिशा-निर्देश दिखाई नहीं देते और लेन-देन बाधित हो जाता है। इस संबंध में जिला सहकारी बैंक शाखा प्रबंधक श्री सोम ने बताया कि एटीएम में आ रही तकनीकी समस्या के निराकरण हेतु मुख्य कार्यालय को पत्र भेजा गया है। बिजली जाने के बाद स्क्रीन बंद हो जाने की समस्या के समाधान के लिए संबंधित एजेंसी से संपर्क किया गया है। उम्मीद है कि जल्द ही इसका निराकरण किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि प्रत्येक बार बिजली जाने पर बैंक कर्मियों को जाकर मशीन को मैनुअल रूप से पुनः प्रारंभ करना पड़ता है। दिन में कई बार बिजली बाधित होने से एटीएम मशीन बार-बार ठप हो जाती है, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा होती है।

### समय और श्रम दोनों की हानि हो

वहीं किसानों ने कहा कि धान खरीदी 15 नवंबर से प्रारंभ होने वाली है। ऐसे समय में जब भुगतान की प्रक्रिया तेज़ होगी और बैंक शाखाओं में भीड़ बढ़ेगी, तब एटीएम सेवा का सुचारू रहना बेहद आवश्यक है। एटीएम के खराब रहने से उन्हें लंबी कतारों में लगना पड़ सकता है, जिससे समय और श्रम दोनों की हानि होगी।किसानों ने जिला सहकारी बैंक प्रशासन से जल्द से जल्द एटीएम की तकनीकी खराबी दूर करने की मांग की है ताकि आगामी धान खरीदी सीजन में उन्हें किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।



### बागबाहरा में मनाया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना का 25वां वर्ष

**महासमुंद।** बागबाहरा नगरवासियों ने छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण की 25वीं वर्षगांठ पर अनूठी शुरुआत की। बागबाहरा के मुख्य मार्ग पर वन विभाग के सामने महात्मा गांधी और शहीद भगतसिंह की मूर्ति के मध्य छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना और आरती कर, राज गीत का गायन हुआ। तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया। विगत दो दिनों से पूरे बागबाहरा शहर में छत्तीसगढ़ महतारी राज गीत व छत्तीसगढ़िया गीत बज रहे हैं। इस अवसर पर मुख्य रूप से अंकित बागबाहरा, रवि सेन, महेश हरपाल, सत्या चंद्राकर, कृष्णा हरपाल, यशवंत बघेल, धनराज साहू, प्रतीक चंद्राकर, प्रदीप शर्मा, आरएस चंद्राकर, खुशबू चक्रधारी, मीना सोनवानी, सुमित बघेल सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए हुआ पहला टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 को ध्यान में रखकर जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी रवि साहू, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहर के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य प्रशासनिक सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में रविवार को पहला टेस्ट का आयोजन किया गया।



जारी विज्ञप्ति में डी. बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी ने बताया कि 08 टेस्ट सीरीज के क्रम में पहला टेस्ट पेपर भारतीय इतिहास एवं छत्तीसगढ़ इतिहास का हुआ। जिसमें कुल 100 नंबर का पेपर हुआ, इसमें भारत के इतिहास एवं छत्तीसगढ़ के इतिहास आदि के प्रश्न पूछे गए थे। पहला टेस्ट पेपर में नवकिरण कोचिंग और ग्रंथालय में अध्ययनरत 100 परीक्षार्थियों और अन्य पीएससी की तैयारी करने वाले 23 परीक्षार्थियों कुल 123 ने शामिल होकर टेस्ट दिलाया। 08 टेस्ट के क्रम में दूसरा टेस्ट का आयोजन 09 नवंबर 2025 रविवार को भारत का संविधान एवं पंचायतीराज का टेस्ट आयोजित होगा। साव ने आगे बताया कि आगे आयोजित होने वाले टेस्ट में तैयारी करने वाले और सीजीपीएससी प्री परीक्षा में शामिल होने वाले इच्छुक परीक्षार्थी जानकारी प्राप्त करने और पंजीयन कराने कार्यालय नवकिरण अकादमी महासमुंद में आकर संपर्क कर सकते हैं।




### राष्ट्रीय एकता दिवस पर कसहीबाहरा स्कूली में ली गई एकता की शपथ

**पिथौरा।** देश के लौहपुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस का आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला में किया गया।

इस अवसर पर शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों द्वारा राष्ट्रीय एकता की शपथ ली गई। संस्था प्रमुख हेमंत खुटे ने सभी को यह शपथ दिलाई कि वे राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे तथा समाज में सौहार्द और भाईचारे की भावना को सुदृढ़ करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकद्वय तबस्सुम शेख व दिलीप कुमार पटेल ने भी सरदार पटेल के योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि रियासतों के एकीकरण के माध्यम से अखंड भारत बनाने में उनकी अतुलनीय भूमिका रही है। देश की आजादी के बाद जो तस्वीर हम एकीकृत मजबूत राष्ट्र की देखते हैं वो लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल की देन है।

### देवउठनी एकादशी पर खूब बिके गन्ने



**नर्रा।** कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष एकादशी को क्षेत्र में शनिवार को देवउठनी एकादशी तुलसी विवाह का पर्व मनाया गया। पर्व को लेकर नर्रा पानी टंकी, परसुली सड़क किनारे गन्ने, फल की दुकानें सुबह से लगी रही। गन्ने प्रति नग 50 से 70 रुपए तक बिके। पर्व पर घरों के आंगन में आकर्षक रंगोली बनाई गयी। वहीं घर घर गन्ने की मंडप सजाकर तुलसी-शालिग्राम का विवाह किया। श्रद्धालु उपवास रहकर भगवान विष्णु की पूजा अर्चन कर फल, गन्ने और तुलसी माता को चुनरी शृंगार अर्पित किए। घर आंगन, बाड़ी, कोठार, दीप से रौशन किए। इस पर्व में अनेक घरों पर अपने ईष्ट देव पर लाल कांदा कोचई चांवल आटे से बने बड़ा, सुवारी, पूड़ी का पकवान बनाकर अर्पित किए गए।

# प्रधान पाठक ने सेवानिवृत्ति पर किया बच्चों को सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| महासमुंद

स्थानीय स्टेशन पारा पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठक सुशील शर्मा द्वारा अपनी सेवानिवृत्ति पर समस्त अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को न्यौता भोज देते हुए सभी को स्वेटर देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भारत स्काउट गाइड के जिला अध्यक्ष येतराम साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में छग राज्य बीज निगम अध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) चंद्रहास चंद्राकर, किशोर न्याय बोर्ड अध्यक्ष संदीप दीवान, राजेश पांडेय विधानसभा रायपुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, छग शिक्षक संघ के उप प्रांताध्यक्ष टेकराम सेन, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, सहायक संचालक नंद किशोर सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, प्रदीप चंद्राकर, संदीप घोष, राजेंद्र भारती चंद्राकर, कल्पना सूर्यवंशी सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

शर्मा के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि सुशील शर्मा एक कुशल शिक्षक के साथ-साथ एक अच्छे खिलाड़ी, स्काउटर एवं मंच संचालक रहे हैं। आज उनके अधिवार्षिकी पूर्ण होने पर सम्मानित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। बीज निगम अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर एवं भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष येतराम साहू ने कहा कि सुशील शर्मा का व्यक्तित्व अनुकरणीय है। उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास में सब कुछ समर्पित किया है। सभा को संदीप दीवान सभापति रेडक्रास सोसायटी, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, शर्मा के गुरुदेव जीआर चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि सुशील शर्मा भारतीय संस्कृति, शिक्षादर्शन के संवाहक रहे हैं, उनके शिक्षा का लाभ समाज को मिलता रहेगा। इस अवसर पर विधायक सहित समस्त जन प्रतिनिधियों ने भगवा गमछा एवं शाल ओढाक्कर शर्मा को सम्मानित किया। इस समारोह में स्वागत भाषण शर्मा की धर्मपत्नी डॉ. मंजू शर्मा, संचालन टेकराम सेन एवं उद्बोधन सह आभार प्रदर्शन सुशील शर्मा एवं खगेंद्र तारक ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य जीआर सिन्हा, मनीष शर्मा, प्रमोद तिवारी, शोभा दीवान, सरिता तिवारी, रामकुमार साहू, रघुनाथ सिन्हा, विखं शिक्षा अधिकारी, लीलाधर सिन्हा, बीआरसी जागेश्वर सिन्हा, नरेंद्र नायक, अश्वनी तिवारी, आनंद साहू, अरुणेंद्र दीवान, कमल लूनिया, गैंदलाल साहू, चिंतामणि चंद्राकर, आशा साहू, नीलिमा गुप्ता, सतीश पांडेय, पवन साहू सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक साला परिवार अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व शर्मा के परिवारजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी संस्था की ओर से वरिष्ठ शिक्षक खगेंद्र तारक ने दी है।

# खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में शामिल हुए विधायक प्रतिनिधि रमेश

**महासमुंद।** शनिवार को ग्राम भलेसर में खाटू श्याम बाबा के जन्मोत्सव कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि रमेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। दरअसल, शनिवार को रायपुर में राज्योत्सव कार्यक्रम होने के कारण विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा उक्त कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। इस कारण उनके प्रतिनिधि के रूप में रमेश साहू शामिल हुए। इस अवसर पर ग्राम सरपंच सेवाराम कुर्रे, उपसरपंच स्वाति अनिल देवदास, दौलत सिन्हा, सतीश, विनय, रितेश, महेश, उत्तम, करुणा सागर, मोनू, राजेंद्र, त्रिभुवन, रामेश्वर, चूड़ामणि, त्रिलोक, दिनेश्वर, मोहित, लुलेश, तोषराम, टिकेश्वर, चुनेश्वर, अटल, अमित, लाकेश्वर, अनुज, नीलकमल, गोकुल, सिन्हा, मनोज सिन्हा, हेमंत सिन्हा, धनेश्वर सेन,



ताराचंद चांडक, अशोक लड्ढा, पप्पू केला, ललित लड्ढा, मूलचंद लड्ढा सहित समस्त श्याम परिवार एवं ग्रामवासी उपस्थित थें।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय एकता दिवस पर दिलाई गई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सरायपाली

वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई के निर्देशन में यूके बरिहा (विभाग अध्यक्ष राजनीति विज्ञान एवं प्राध्यापक नोडल) के मार्गदर्शन में एकता एवं अखंडता के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस पर स्लोगन एवं राष्ट्रीय एकता शपथ का आयोजन किया गया।

एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर रसायन शास्त्र के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय एकता संदेश स्लोगन के माध्यम से प्रस्तुत किया। प्राचार्य डॉक्टर संध्या भोई द्वारा महाविद्यालय महाविद्यालय के अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय एकता शपथ दिलाया गया।




उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि भारत के महान सपूत, एकता व अखंडता के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाते हैं, उन्होंने स्वतंत्रता के बाद 562 से अधिक छोटी बड़ी रियासतों का विलय भारतीय संघ में कराकर अखंड भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उनका यह कार्य भारतीय इतिहास में एकता और राष्ट्रवाद की अद्भुत मिसाल है। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य देश के नागरिकों के बीच एकता और अखंडता की भावनाओं को बढ़ावा देना और सरदार पटेल के दूरदर्शी विचारों को याद करना है।

## पेज 9 के शेष...

### हाईटेंशन तार के...

आर्थिक स्थिति ठीक नही है। खबर पाकर अभनपुर विधायक इंद्रकुमार साहू रविवार को मृत बच्ची के परिजनों से मिला और ढाढस बंधाया कि शासन से अधिक से अधिक सहायता राशि दिलाएंगे। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नवापारा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, मुकुंद मेश्राम, सहदेव कंसारी, सिंटु जैन, मयाराम साहू, मुस्लिम समाज के अध्यक्ष अल्तमश सिद्धिकी, नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष मो शफीक भाई, मुस्लिम समाज के वरिष्ठ नेता नुरूल रिजवी, एजाज खत्री, गौहर खान, अहमद रिजवी, मजहर खान सहित मृतक परिवार के सदस्य मुहल्ले के लोग एवं बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के सदस्य मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि जिस बच्ची की मृत्यु हुई है वहां बिजली का खंभा और हाईटेंशन तार ऊपर से गया है।

### धान कटाई कर...

साथ अपने खेत में कटाई करने पहुंचे थे। किसान नेता नत्थूराम साहू ने सर्पदंश से मौत को लेकर शासन द्वारा जो सहायता राशि तात्कालिक रूप से दी जाती है इसे शीघ्र प्रदान करने की मांग किया है। श्री साहू ने क्षेत्र के किसान-मजदूरों से कहा है कि बहुत ही सावधानी के साथ धान कटाई करने के लिए वे खेतों में उतरे। क्योंकि बार-बार मौसम बदलने और बारिश होने के कारण जहरीले जीव-जंतुओ के खतरे से इंकार नही किया जा सकता। बता दें कि अभी सप्ताह भर से मौसम में भारी तब्दीली आई हुई है। रह-रहकर बारिश हो रही है। खेत गीले है, हार्वेस्टर मशीन खेतों तक पहुंच नहीं सकता। पके हुए फसल को हसिया से कटाई एक तरह से अभी तात्कालिक रूप से मजबूरी ही है। **मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए की राशि यथा शीघ्र दी जाएगी : एसडीएम-** सर्पदंश से किसान संतोष साहू की मौत होने की खबर पर एसडीएम रवि सिंग ने बताया कि यह प्रकरण अभी आया नही है। पीएम रिपोर्ट के साथ आने पर इसे तत्काल स्वीकृति हेतु भेज दिया जाएगा और किसान के परिवार को सहायता राशि के रूप में शासन द्वारा जो प्रावधान 4 लाख रूपए दिए जाने का है वो दे दी जाएगी। ईधर सुंदरकेरा के वरिष्ठ किसान नत्थूराम साहू ने कहा कि आज सोमवार को ही वे एक आवेदन तैयार कर पीएम रिपोर्ट के साथ एसडीएम कार्यालय जाकर पीड़ित परिवार के साथ देंगे।

### शहर के सुप्रसिद्ध श्रीराधा...

कथा एवं नृत्य नाटिका जिसमे राधकिशोरी जी वृंदावन से,विजय शंकर मेहता उज्जैन का धर्म एवं सनातन पर प्रवचन, अंतर्राष्ट्रीय भजन गायक हेमंत ब्रजवासी का आयोजन,दिल्ली की लीला बेंड सप्रिचुवल भजनों का आयोजन होगा। बड़े बुजुर्ग बताते है कि मंदिर का जब 100 साल पहले निर्माण हुआ तो सेठ चतुर्भुज अग्रवाल ने नगर भोज कराया था। कमोवेश ठीक इसी प्रकार आज 3 नवम्बर से नगर भोज प्रारम्भ होगा, नगर की संख्या लगभग 50 हजार होने से सामाजिक लिस्ट अनुसार सभी घरों में चावल, सुपारी आमंत्रण कार्ड भिजवाया गया है। प्रत्येक समाज की निश्चित तारीख अनुसार आमंत्रण दिया गया है। भोजन प्रसादी का समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक निर्धारित है।

### उपेक्षा का शिकार...

क्षेत्र में आने जाने वाले जनप्रतिनिधियों व अफसरों सहित लोगों के लिए काफी महत्वपूर्ण है और तो और ग्राम बिन्द्रानवागढ़ धार्मिक पर्यटन स्थल है यहां आए दिनों बड़ी संख्या में दूर- दूर से पर्यटक व श्रध्दालु पहुंचते है लेकिन उनके रूकने के लिए या कुछ समय ठहरने के लिए कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उन्हे भारी दिक्कतों का सामना करना पडता है।

### पानी में भीगे...

शुरू होने वाले धान खरीदी के कार्य में धान उपार्जन केन्द्रों में तैयारी जारी है लेकिन विपरीत मौसम के कारण वहां भी शुरुआती 15 नवंबर से बड़े पैमाने पर नये धान पहुंचने की संभावना क्षीण हो गई है। जिन खेतों में धान कटकर पड़ी है, वहां लगातार भीगने से दाने लाल और काले पड़ने लगे हैं। खेतों में तो पानी भर आया है, धान पककर काटने के लिए तैयार है। ऐसे में किसानों को फसल कटाई के लिए कृषि उपकरो का ही सहारा लेना पड रहा है। इसमें ख़र्च ज्यादा आ रहा है।

## खबर संक्षेप



### फिंगेश्वर जपं के लिए सांसद प्रतिनिधि नियुक्त, मकसुदन को मिली जिम्मेदारी

**छुईहा बेलर।** लोकसभा महासमुंद क्षेत्र की सांसद रूपकुमारी चौधरी ने जनपद पंचायत फिंगेश्वर के लिए मकसुदन साहू को अपना सांसद प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में जारी आदेश की प्रतिलिपि जिला कलेक्टर एवं सीईओ जनपद पंचायत फिंगेश्वर को प्रेषित की गई है।मकसुदन साहू, ग्राम कौंदकेरा (फिंगेश्वर क्षेत्र) के निवासी हैं। वे लंबे समय से क्षेत्रीय सामाजिक एवं राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं। बताया जा रहा है कि वे राजिम विधायक के करीबी सहयोगी माने जाते हैं, जिनकी अनुशंसा पर यह जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई है।इस नियुक्ति पर सांसद रूपकुमारी चौधरी के पति ओमप्रकाश चौधरी द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपते मकसुदन साहू को शुभकामनाएं दी हैं। वहीं स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल देखा जा रहा है। क्षेत्र के कई सामाजिक प्रतिनिधियों ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है और उम्मीद जताई है कि मकसुदन साहू के माध्यम से फिंगेश्वर क्षेत्र की जनसमस्याओं का समाधान तेजी से होगा।

### राज्य स्थापना पर सक्षम दिव्यांग विद्यालय में हुए विविध कार्यक्रम



**राजिम।** सक्षम दिव्यांग आवासीय विद्यालय में रजत जयंती के अवसर पर छत्तीसगढ़ महतारी की झांकी निकाली गई। प्रारंभ में छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना करते हुए छत्तीसगढ़ की महिमा का बखान किया गया। बच्चो ने देशभक्ति एवं छत्तीसगढ़ी गीतों पर नृत्य किया इस अवसर पर देवउठनी एकादशी पर्व मनाया गया। माता तुलसी महारानी का हल्दी चंदन गुलाल लगाकर आरती की गई। कार्यक्रम में प्रधानपाठक उमेश्वरी साहू, शिक्षक ढालेंद्र मानिकपुरी, सुधा साहू, अनिल मानिकपुरी, कमल कामत, संजय शुक्ला, चांदनी सिन्हा, रूख्मणी दादी, तारणी, हितेश्वरी, राजेंद्र, डिगेश्वरी विश्वकर्मा सहित बच्चे शामिल थे।

### महापौर ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ पर गोल्ड मेडल की बौछार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन और छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में महापौर ट्रॉफी नेशनल पॉवर लिफ्टिंग चैंपियनशिप का आयोजन बूढ़ेश्वर मंदिर भवन में किया गया, जिसमें छग की अंजना सिंह स्ट्रांग वूमेन ऑफ इंडिया बनीं, वहीं जबलपुर की मंजूलता इंगले मास्टर वूमेन ऑफ इंडिया बनीं। छग पॉवर लिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष मानिक ताम्रकार एवं छग बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन के महासचिव दुर्गेश साहू ने बताया कि अंजना सिंह ने 302.5 किलो वजन उठाकर दो गोल्ड पर कब्जा किया, जबकि सब जूनियर में देवश्री पैंकरा ने 220 किलो वजन उठाकर तीन गोल्ड हासिल किए, मास्टर वर्ग में जबलपुर की 65 वर्षीय महिला ने 150 किलो वजन उठाकर खिताब पर कब्जा किया, साथ ही संतोषी बेहरा को दो गोल्ड, यास्मीन कुरैशी, मंजूलता इंगले को तीन-तीन गोल्ड, लक्ष्मी देवी, प्रेरणा साहू, शालिनी को एक-एक गोल्ड मिला।

**उत्सव : जिला स्तरीय राज्योत्सव में प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल हुए शामिल**

# छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना जनता के संघर्ष और संकल्प का परिणाम है : मंत्री दयालदास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान में जिला स्तरीय राज्योत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं जिले के प्रभारी मंत्री दयालदास बघेल शामिल हुए। कार्यक्रम में राजिम विधायक रोहित साहू, बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव, जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष रिखीराम यादव, जिला पंचायत उपाध्यक्ष लालिमा ठाकुर, नगर पालिका उपाध्यक्ष आसिफ मेमन, वरिष्ठ नागरिक अनिल चन्द्राकर, जिला पंचायत सदस्य शिवांगी चतुर्वेदी, कलेक्टर बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा, वनमंडलाधिकारी शशिगानंदन के., जिला पंचायत सीईओ प्रखर चन्द्राकर सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, कर्मचारी व नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुई। कलेक्टर बीएस उइके ने जिले की विकास उपलब्धियों का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। अपने

- जनकल्याण योजनाओं की प्रदर्शनी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

**राज्योत्सव पर जिले में विकास की उपलब्धियों का हुआ प्रदर्शन**








**योजनाओं के क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास को नई गति मिली**

वहीं बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव ने कहा कि गरियाबंद जिला प्राकृतिक संसाधनों और खनिज संपदा से समृद्ध है, और सिकासार जलाशय व पैरी नदी राज्य के विकास की गाथा में स्वर्णाक्षरों में दर्ज हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष गौरीशंकर कश्यप ने कहा कि पंचायत स्तर पर योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण विकास को नई गति मिली है। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और स्थानीय कलाकारों ने लोकगीत, नृत्य और पारंपरिक परिधानों में आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनी ने उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया।

संबोधन में मंत्री दयालदास बघेल ने कहा छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना जनता के संघर्ष और संकल्प का परिणाम है। बीते 25 वर्षों में प्रदेश ने शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग और सामाजिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य आत्मनिर्भरता और समृद्धि की ओर तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने जिलेवासियों को राज्योत्सव की शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाने के लिए कटिबद्ध है।

**योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना सरकार की प्राथमिकता-** इस दौरान प्रभारी मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए विकास प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की जानकारी ली और नागरिकों से चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ समय पर पात्र हितग्राहियों तक पहुंचना सरकार की प्राथमिकता है। इस अवसर पर मंत्री ने पात्र हितग्राहियों को सामग्री, उपकरण और चेक का वितरण भी किया। राजिम विधायक रोहित साहू ने राज्योत्सव पर जिलेवासियों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि राज्य की 25 वर्ष की यात्रा जनसहभागिता और विकास की मिसाल है।

## भाजपा मंडल फिंगेश्वर एवं जिले से मोदी की सभा में पहुंचे सैकड़ों भाजपाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर





छत्तीसगढ़ की 25 वां स्थापना दिवस एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन को लेकर 1 नवंबर को राज्योत्सव कार्यक्रम मे भाजपा फिंगेश्वर मंडल के सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने राजधानी पहुंचकर मोदी जी के आम सभा शामिल हुए। कार्यक्रम को लेकर भाजपाईयों ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मंची उद्बोधन बहुत ही उत्साहवर्धक एवं प्रेरणादाई रहा।उक्त सभा को संबोधित करते हुए नरेंद्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई को देते हुए उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माता कहा। वरिष्ठ भाजपा नेता रामूराम साहू ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने छत्तीसगढ़ से अपना गहरा संबंध एवं आत्मीय लगाव वाला राज्य बताया। श्री साहू ने भी बताया कि नरेंद्र मोदी जी ने रायपुर छत्तीसगढ़ के अनेकों कार्यक्रम के माध्यम से लोकार्पण एवं उद्घाटन तथा शिला न्यास किया।छत्तीसगढ़ के विकास की गाथा तथा जन कल्याणकारी कार्यक्रम के बारे में नरेंद्र मोदी ने विस्तार से बताया। लोगों को प्रधानमंत्री आवास की राशि देकर हितग्राहियों को सम्मानित किया जो काफी प्रशंसनीय रहा। नए विधानसभा भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ आम सभा में छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ओम बिरला एवं छत्तीसगढ़ के मंत्रीगण सांसद एवं नेता गण उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में भाजपा मंडल फिंगेश्वर से प्रमुख रूप से वरिष्ठ नेता भागवत हरित, रामूराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष मंजू लता हरित, भाजपा मंडल महामंत्री भुवन लाल साहू, प्रेमलाल टोडर, अशोक साहू, भुनेश्वर साहू, अरुण सिन्हा, दशरथ सिन्हा, राकेश सिन्हा, कुजन लाल साहू, संतराम ध्रुव, जगदेव सिन्हा, सीमा ठाकुर, श्रीराम साहू, रवि साहू, संतराम साहू, कोमल ढीढी सहित सैकड़ों की संख्या में भाजपा मंडल फिंगेश्वर जिला गरियाबंद के भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे।

## राज्यपाल का मैनपुर आगमन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



छत्तीसगढ़ के राज्यपाल महामहिम रामेन डेका 03 नवंबर दिन सोमवार को पहली बार मैनपुर के भाठीगढ़ आगमन होने वाला था जिसके चलते भाठीगढ़ पैरी स्टेडियम में हेलीपैड बनकर तैयार हो चुका है और तो और भाठीगढ़ से मैनपुर तक सड़क किनारे मरम्मत कार्य भी किया जा चुका है। देर शाम जैसे ही क्षेत्र के लोगों को राज्यपाल के मैनपुर आगमन कार्यक्रम स्थगित होने की जानकारी मिली क्षेत्र के लोगों में गहरी मायूसी देखने को मिल रही है। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के बाद पहलीबार रामेन डेका एक ऐसे राज्यपाल है जो मैनपुर आ रहे थे और महामहिम राज्यपाल के आगमन की जानकारी लगते ही क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रही थी। क्षेत्र के विशेष पिछड़ी आदिवासी कमार जनजाति एवं भूंजिया जनजाति के लोग भी उनसे मुलाकात उनका स्वागत करना चाह रहे थे साथ ही क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थल भाठीगढ़ में राज्यपाल के आगमन से लोगों में यह उम्मीद बंधी थी अब पैरी उद्गम स्थल पर्यटन स्थल के रूप में विकसित होगा यहां पहुंचने वाले हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सुविधाएं मिलने लगेगी साथ ही राज्यपाल को नजदीक से देखना लोगों के लिए एक सुखद अनुभूति के समान था जिसके कारण लोगों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा था शाम को जैसे ही राज्यपाल के आगमन निरस्त होने की जानकारी मिली लोगों में भारी मायूसी देखने को मिल रही है।

## पिपरौद परिक्षेत्र साहू समाज के पारसमणी अध्यक्ष और हेमंत बने उपाध्यक्ष





**नवापारा-राजिम।** रविवार को परिक्षेत्र साहू समाज पिपरौद के पारसमणी साहू अध्यक्ष तथा हेमंत साहू और भूमिका साहू उपाध्यक्ष बने। दी गई जानकारी के मुताबिक संगठन सचिव पुरूष शिवकुमार साहू, संगठन सचिव महिला भोज साहू बने। चुनाव के दौरान समाज के 300 लोग मौजूद थे। जिसमें प्रमुख रूप से चंद्रहास साहू, भेखराम साहू, मनीष साहू, परदेशी राम साहू, धनमती साहू, रमा देवी साहू, रमेश साहू मौजूद थे। इन नए पदाधिकारियों को विधायक इंद्रकुमार साहू ने बधाई देते हुए शॉल ओढ़ाकर श्रीफल देकर सम्मानित किया। मौजूद समाज के लोगो ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## राज्योत्सव में स्थानीय कलाकारों और विद्यार्थियों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद





छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर स्थानीय गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला ने दर्शकों का मन मोह लिया। जिले के शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों और स्थानीय कलाकारों ने छत्तीसगढ़ी लोकसंस्कृति की विविध झलकियों से मंच को जीवंत बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती शिशु मंदिर गरियाबंद के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत बारहमासी लोकगीत से हुई, जिसमें छत्तीसगढ़ की ऋतुओं और लोकजीवन का सुंदर चित्रण किया गया। इसके पश्चात एंजेल एंग्लो हाई स्कूल गरियाबंद की छात्राओं ने मनमोहक सुआ नृत्य प्रस्तुत कर सबका ध्यान आकर्षित किया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद की छात्राओं ने रिलो नृत्य के माध्यम से टीम भावना और उत्साह का संदेश दिया, वहीं शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद की प्रस्तुति हल्बी गीत ने आदिवासी संस्कृति की सजीव झलक प्रस्तुत की। इसके बाद स्प्रिंग बोर्ड हाई स्कूल सोहागपुर एवं पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ी लोकगीतों की प्रस्तुति से वातावरण को लोक रंगों से भर दिया।

**ईशा रानी लोक गाथा मंडली ने भावपूर्ण भरथरी गायन प्रस्तुत किया-** कमार आवासीय विद्यालय दर्रापारा के विद्यार्थियों ने अपनी पारंपरिक पहचान को दर्शाते हुए कमार नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि एकलव्य आवासीय विद्यालय कोसमबुड़ा के छात्रों ने छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। गैर-शालेय दलों की प्रस्तुतियाँ भी आकर्षण का केंद्र बनीं। जय सदगुरु कबीर साहेब कुंडेल तारीघाट के कलाकारों ने सुवा नृत्य, चिन्हारी लोक नर्तक दल गरियाबंद ने लोक नृत्य, तथा ईशा रानी लोक गाथा मंडली ने भावपूर्ण भरथरी गायन प्रस्तुत किया। इसी क्रम में श्री खेलावन निषाद द्वारा मनमोहक पंडवानी गायन और श्री गौकरण मानिकपुरी द्वारा लोक कला मंच की प्रस्तुति ने राज्योत्सव की सांस्कृतिक गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में कौशल बाई साहू द्वारा प्रस्तुत सुवा एवं जसगीत ने पूरे वातावरण को भक्तिभाव और लोकसंगीत की धुनों से गुंजायमान कर दिया।

## जिले से प्रथम असिस्टेंट लीडर ट्रेनर बने देशलहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर




भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गजेंद्र यादव राज्य मुख्य आयुक्त इंदरजीत सिंह खालसा, राज्य सचिव जितेंद्र साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट शैलेन्द्र मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी जगजीत सिंह धीर के मार्गदर्शन, निर्देशन तथा आदेशानुसार फिंगेश्वर विकासखंड के शासकिय उच्चतर माध्यमिक शाला बोरिद के शिक्षक एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट सुनील देशलहरे असिस्टेंट लीडर ट्रेनर रोवर विभाग कोर्स में सफलता हासिल की है। शिक्षकों को स्काउटिंग गतिविधियों का प्रशिक्षण देने के लिए भारत स्काउट एवं गाइड ट्रेनर तैयार करता है। असिस्टेंट लीडर ट्रेनर की जरूरी अहर्ताओं को पूरा करने के बाद भारत स्काउट गाइड के राष्ट्रीय प्रशिक्षण केंद्र, पचमढ़ी (मध्य प्रदेश) से असिस्टेंट लीडर ट्रेनर का कोर्स दिनांक 6 से 12 अक्टूबर 2025 तक आयोजित किया गया जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से 32 प्रतिभागियों ने मेहनत करते हुए विभिन्न परीक्षाए उत्तीर्ण कर असिस्टेंट लीडर ट्रेनर बने जिसमें कोर्स के लीडर ऑफ कोर्स एसएस राय सर डिप्टी डायरेक्टर स्काउट लीडर ट्रेनर, नेशनल ट्रेनिंग सेंटर पचमढ़ी थे। इस प्रशिक्षण में सेरेमोनियल गतिविधि, काशन कमांड, ड्रिल,बीपी 6, निरीक्षण, ध्वज शिष्टाचार, ड्यूटी चेंज, विजय पताका प्रदान करना, खेलों का महत्व, माइक्रो टीचिंग, ग्रुप डायनामिक्स, ट्रेनिंग की सिस्टेमेटिक अप्रोच, सेशन प्लान तैयार और डिलीवर करना, सेशन तैयार करने के लिए ऑडियो विजुअल एड का इस्तेमाल, ट्रेनिंग मैथड, एडल्ट मनोविज्ञान समझना, उनका मूल्यांकन, कोर्स प्रोग्राम की डिजाइनिंग, प्लानिंग और बैंकडेटिंग, समय प्रबंधन, कम्युनिकेशन के सिद्धांत, एक प्रशिक्षक की भूमिका, कार्य और कौशल, मैनेजमेंट गेम, रचनात्मकता के साथ -साथ भारत स्काउट गाइड के फंडामेंटल्स, स्कीम ऑफ ट्रेनिंग, एपीआरओ, डबल्यू ओएसएम, प्रगति पथ, स्काउटिंग फॉर बॉयज, तथा नियमों में हुए परिवर्तन की जानकारी आदि विषयों पर गहन अध्ययन करवाया गया और परीक्षाएं ली गई जिसमें छत्तीसगढ़ से 5 प्रतिभागी सफलता प्राप्त किए। इस सफलता पर जिला, प्राचार्य पीएस ध्रुव, पूर्व जिला प्रशिक्षण आयुक्त स्काउट अर्जुन धनंजय सिन्हा, विद्यालय के समस्त स्टॉफ ने शुभकामनायें दी है।

## राज्योत्सव के दूसरे दिन भी होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**गरियाबंद।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय गरियाबंद के गांधी मैदान में आयोजित जिला स्तरीय राज्योत्सव 2025 के दूसरे दिन सोमवार 3 नवम्बर को विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। इन कार्यक्रमों में जिले के शैक्षणिक संस्थानों एवं गैर-शालेय दलों के कलाकार छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोकसंस्कृति, लोकनृत्य एवं लोकगीत की झलकियों से दर्शक रूबरू होंगे। इस कार्यक्रम में शालेय दलों की प्रस्तुतियों की शुरुआत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वामी आत्मानंद (हिंदी माध्यम) गरियाबंद के विद्यार्थियों द्वारा हल्बी गीत से होगी, जिसके पश्चात स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल गरियाबंद के छात्र सुआ नृत्य प्रस्तुत करेंगे। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय गरियाबंद के छात्र-छात्राएं करमा नृत्य, तथा कमार आवासीय विद्यालय दर्रापारा के विद्यार्थी छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास गरियाबंद का लोकनृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल का परब नृत्य, और शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरियाबंद का करमा नृत्य मंच पर प्रस्तुत होगा। छत्तीसगढ़ पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा सुआ नृत्य, श्रद्धा पब्लिक स्कूल गरियाबंद द्वारा पंथी नृत्य, तथा स्प्रिंग बोर्ड हाई स्कूल सोहागपुर के विद्यार्थियों द्वारा राउत नाचा की प्रस्तुति दी जाएगी। गैर शालेय दलों में लोककला की विविधता देखने को मिलेगी। जय सतनाम समूह ग्राम बासीन के कलाकार पंथी नृत्य, जय चंडी झांकी मंडली कुटेना के कलाकार झांकी प्रदर्शन, और जय मां शीतला पंडवानी पार्टी राजपुर द्वारा पंडवानी गायन प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा चिन्हारी लोक नर्तक दल गरियाबंद द्वारा लोकनृत्य, मिलवन्तीन बाई मानिकपुरी द्वारा सुआ नृत्य पार्टी तथा श्री तेजराम बांधे के नेतृत्व में मंगल भजन की प्रस्तुति दी जाएगी।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपूर्ण ईलाज
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा नेता अशोक ने पीएम मोदी का किया स्वागत

**नवापारा-राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज ने छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती उत्सव में पधारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्वामी विवेकानंद विमानतल पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में अगवानी की। श्री बजाज ने कहा कि श्री मोदी बिना थके, बिना रुके लगातार प्रवास करते है। वास्तव में उनकी मेहनत का कोई जवाब नहीं। नई पीढ़ी को उनसे ऊर्जा तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### बदल गया जमाना, कबाड़ में दिख रहा मनोरंजन का बादशाह



**मैनपुर।** आज से दो दशक पूर्व तक एक गांव में एक दो घर ही टीवी टेलीविजन हुआ करता था तब पूरा गांव उसमे धारावाहिक और खासकर रामायण टीवी सिरयल के साथ ही सप्ताह में दो दिन चित्रहार देखने के लिए भीड़ लगा करता था लेकिन बदलते समय के साथ अब हर व्यक्ति के हाथ में मोबाईल फोन और घरों में हाई तकनीकि एलसीडी, एलईडी स्क्रीन आ चुका है जिसके कारण टीवी गायब हो रही है और कबाड़ो में दिखाई देता है।

### भाजपा सरकार ने दो वर्षों में चुनावी वादो को नहीं किया पूराः रामकृष्ण

**मैनपुर।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मैनपुर के अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा की छत्तीसगढ़ में डबल इंजन सरकार के सत्ता में आने के दो वर्ष पूर्ण हो चुके है लेकिन 2023 के विधानसभा चुनाव मे जनता से



किए गए भ्रामक वादो को पूरा करने मे यह सरकार पूरी तरह विफल रही। भाजपा ने चुनावी घोषणा पत्र मोदी की गारंटी के नाम पर लाखों नौकरियां, किसानों के लिए मुफ्त बिजली आदिवासी किसान कल्याण योजना तथा बुनियादी ढांचे के विकास के लिए बड़े बड़े वायदे किए थे लेकिन आज दो वर्ष बाद भी ये वायदे कागजों पर ही सिमटे हुए है जिससे प्रदेश की जनता में आक्रोश देखने को मिल रहा है। भाजपा सरकार ने चुनाव के पूर्व छत्तीस वायदे किये थे जिसमें से आधे वायदे पूरा नहीं हुआ है इसके विपरित लगातार भ्रष्ट्राचार के चलते आम जनता परेशान है। मंहगाई बढती जा रही है बिजली बिल हाफ नहीं हुआ बल्कि दोगुना हो गया है किसान परेशान है युवा बेरोजगार परेशान है यह भाजपा सरकार की पहचान बन गई है।

### मेहनतकश किसान छत्तीसगढ़ की पहचान : योगिता

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस एवं रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री, समाजसेवी एवं पृथ्वी फाउंडेशन की अध्यक्ष योगिता सिन्हा ने छत्तीसगढ़वासियों



को शुभकामनाएं एवं बधाई दी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ मेहनतकश किसानों का राज्य है। जिसके बदौलत छत्तीसगढ़ पूरे देश में धान का कटोरा के रूप में जाना जाता है। विगत पच्चीस वर्षों में छत्तीसगढ़ ने विकास की ऊंचाइयों को छुआ है। राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किए है। छत्तीसगढ़ राज्य की गिनती देश की अग्रणी राज्यों में होने लगी है। देश का एक मात्र मॉडल एवं स्मार्ट सिटी नवा रायपुर छत्तीसगढ़ में ही स्थित है। प्राकृतिक संसाधनों से परिपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में बस्तर एवं सरगुजा की आदिवासी सांस्कृतिक विरासत बसती है। खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग, व्यापार के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ नित नए आयाम स्थापित कर रही है। विकसित भारत की परिकल्पना के संकल्प को पूरा करने में छत्तीसगढ़ की अग्रणी भूमिका रहेगी।

---

**समस्या :** साल दर साल नदी- नालों में बाढ़ के चलते किमती खेती जमीन का कटाव बढ़ता जा रहा है

# नदी कटाव बनी विकराल समस्या, किसानों की कीमती जमीनें हो रहीं बर्बाद; समाधान की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में हर वर्ष बारिश के दिनों में नदी -नालों में बाढ आने के कारण नदी किनारे लगे किसानों के किमती जमीन और खेत खलिहान नदी के बाढ़ में समाते जा रहे हैं कटाव बढ़ते जा रहा हैं जिसके कारण किसान बेहद परेशान है। मैनपुर विकासखंड के पैरी नदी, झापन, कुल्हाड़ीघाट, जिड़ार, खजरायन, बाघ, सलफ, उदंती सहित अमलीपदर नदी किनारे लगे किसानो के जमीन लगातार बर्बाद हो रही है इस समस्या के समाधान के लिए और नदी किनारे कुछ स्थानो पर तटबंध निर्माण से किसानो के किमती जमीन को बचाया जा सकता है। तटबंध निर्माण के लिए किसानो के द्वारा पूर्व मे मुख्यमंत्री, प्रभारी मंत्री कलेक्टर एवं एसडीएम को जहां मांग पत्र सौपकर मांग कर चुके है वहीं इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए कई बार ग्राम सुराज, लोकसुराज और जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मे भी आवेदन दिया जा चुका है लेकिन हरबार किसानो को सिर्फ आश्वासन ही मिला है। इस मामले मे अबतक कोई ठोस पहल शासन प्रशासन द्वारा नही किया जाना समझ से परे है। लगातार हर वर्श बारिश के चलते आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में किसानों की कीमती खेती जमीन जो नदी किनारे लगे हुए है, वे धीरे -धीरे नदी में कटाव के चलते नदी में समाते जा रहा है हर वर्ष किसानों के द्वारा इस गंभीर समस्या को लेकर मांग किया जाता है किसानों के मांग पर शासन प्रशासन द्वारा बकायदा संबधित विभाग के अधिकारियों को भेजा भी जाता है जो निरीक्षण कर वापस चले जाते है और किसानों को सिर्फ इतना आश्वासन देते है इसकी स्टीमेट बनाकर रिर्पोट शासन स्तर पर भेजा जायेगा तथा तटबंध निर्माण की राशि स्वीकृति होने पर निर्माण किया जायेगा लेकिन अब तक तटबंधन निर्माण नही होने के कारण मैनपुर, तुहामेटा, जिड़ार, धवलपुर, दबनई, देहारगुड़ा, कुल्हाड़ीघाट, तौरेंगा, शोभा, गौरगांव, हरदीभाठा, अमलीपदर पुरे विकासखण्ड क्षेत्र के विभिन्न ग्रामो में नदी किनारे किसानों के कीमती जमीन लगातार कटाव के चलते पानी में समा जा रहा है, और इस ओर ध्यान देने वाला कोई नही है। मैनपुर क्षेत्र में लगातार बारिश से पैरी नदी, खजरायन नदी, शोभा नदी, बाघनदी, कुल्हाड़ीघाट नदी, उदंती नदी के आसपास के सैकड़ो एकड़ खेत मे रेत पट गया और तो और किसानों के द्वारा खेतों में लगाए गए फसल बर्बाद होना हर साल किसानों के लिए मुसीबत बनता जा रहा है।

- पैरी, कुल्हाड़ीघाट, जिड़ार, खजरायन, बाघ, सलफ नदी के किनारे तटबंध निर्माण के लिए कई बार हुआ सर्वे लेकिन नतीजा कुछ भी नहीं निकला









### नदी में कटाव सबसे बड़ी समस्या

जनपद सदस्य सुकचंद ध्रुव ने बताया कि हर वर्ष बारिश से अड़गड़ी नदी, बाघ नदी, शोभा गोना गौरगांव क्षेत्र मे 100 से ज्यादा एकड़ खेत की जमीन नदी में तब्दील हो गया, बड़े –बड़े खेत के मेड़ टूट गये फसल के उपर हर वर्श रेत आ गये जिससे किसानो को भारी क्षति हुई है जिसके कारण किसान परेशान है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं आदिवासी नेता सियाराम ठाकुर ने बताया नदी में कटाव सबसे बड़ी समस्या है उनके स्वयं के चार एकड़ जमीन सलफ नाला में समा गया है और अन्य किसान भी लगातार नदी किनारे कटाव के कारण हर वर्ष परेशान हो रहे है उन्होने गरियाबंद जिला के कलेक्टर भगवान सिंह उईके से मांग किया है कि इन स्थानों का सिंचाई एवं जल ग्रहण मिशन द्वारा निरीक्षण करवाकर स्टीमेंट तैयार करवाकर खेत को बचाने ठोस योजना बनायी जाए।

### किसानों को भुगतना पड़ रहा खामियाजा

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अमृतलाल नागेश ने बताया कि खजरायन नदी में बाढ़ के कारण तुहामेटा, कोनारी, भालुकोना, जाड़ापदर, चलकीपारा, खामभाठा, देहारगुड़ा क्षेत्र के खेतों में हर वर्ष रेत भर जाता है बारिश में रेत भर जाने से जहां एक ओर फसल खराब हो जाती है वहीं रेत को हटाने मे किसानों को हजारों रूपए खर्च करना पड़ता है। उन्होने बताया हर वर्ष बारिश का अचानक कभी तेज बारिश के कारण नदी विकराल रूप लेता जा रहा है नदी और खेत दोनों की सुरक्षा हो ऐसा उपाय किया जाना चाहिए। अमलीपदर क्षेत्र के युवा नेता पंकज मांझी ने बताया अमलीपदर एवं उदंती नदी किनारे खेती -किसानी करने वाले किसान हर वर्ष कटाव के चलते बेहद परेशान है पहले जल जीवन मिशन के तहत नदी किनारे कटाव को रोकने के लिए योजना बनाई गई थी अब ऐसी योजना बंद हो गई है जिसका खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है पंकज मांझी ने मांग किया है कि जल्द ही नदी किनारे कटाव को रोकने के लिए सरकार को योजना बनाने की जरूरत है।



### सैकड़ों एकड़ खेत नदी में तब्दील

बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक जनक ध्रुव ने बताया कि हर वर्ष पैरी नदी सहित अन्य नदी -नालों के किनारे बाढ़ के पानी में लगातार किसानों के जमीन नदी में तब्दील होते जा रहा है इसके स्थायी समाधान के लिए और तटबंध निर्माण के लिए उन्होने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को मांगपत्र सौंपकर मांग किया है जिसके बाद कुछ नदी नालों में बकायदा टीम पहुंचकर निरीक्षण भी किया है और स्टीमेंट बनाकर भेजा गया है।

किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष टीकम सिंह कपिल ने बताया की मैनपुर क्षेत्र के जिड़ार, जाड़ापदर, पैरी नदी किनारे अब तक सैकड़ों एकड़ खेत नदी में तब्दील हो चुका है। इसके संबंध में धरना प्रदर्शन आंदोलन भी किया जा चुका है। सरकार को चाहिए कि किसानों के किमती जमीन की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कार्ययोजना बनाया जाये क्योंकि किसानों के लिए जमीन काफी महत्वपूर्ण है जमीन है तो किसान है।

---

# जिले के 6 मास्टर खिलाड़ी एशिया कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

गरियाबंद जिले के छह मास्टर खिलाड़ी एशिया कप एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए रवाना हुए। उक्त प्रतियोगिता चेन्नई (तमिलनाडु) में 5 नवंबर से 10 नवंबर तक आयोजित है। इस प्रतियोगिता भाग लेने के लिए देशभर से 1800 खिलाड़ी जा रहें हैं। अन्य देश जापान, चीन, थयलैंड, श्री लंका, पाकिस्तान, नेपाल, ईरान, इराक, कुवैत, फिलीपींस, अफगानिस्तान, यूएई, काजिस्तान, तुर्कमेनिस्तान, ताइपे, ब्रुनोई, होंगकांक, कोरिया, लेबनान, मलेशिया, मयम्मार सहित एशिया के 25 देश इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। भारतीय टीम, मास्टर्स एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के जनरल सेक्रेटरी डी. डेविट के नेतृत्व में भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ से 43 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़ मास्टर्स एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष नबी मोहम्मद के नेतृत्व में । इसी तरम्य में गरियाबंद के 6 खिलाड़ी के नाम इस प्रकार से है-हरिश्चंद्र निषाद, पांडुका से 55 प्लस में 10 और 5 हजार मीटर दौड़, 800 और 1500 मीटर और 3000 हजार मीटर स्टीपल चेज, जागेश्वर ध्रुव खड़मा से 50 प्लस में, 5000 मीटर, 1500 मीटर, 800 मीटर और 5000 मीटर पैदल चाल, प्रेम नागेश राजिम से 45 प्लस में 200 मीटर, दौड़, लंबी कूद 100 मीटर हर्डल, चित्रा नागेश राजिम से 45 प्लस में 200 मीटर दौड़,लंबी कूद और 100 मीटर हर्डल में, कैलास साहू फुलकर्रा से 45 प्लस में 400 मीटर,800 मीटर और 1500 मीटर दौड़ में संजीव साहू 40 प्लस में फुलकर्रा से तवा, और गोला फेंक में इन सभी खिलाड़ियो को इनके संस्था के प्राचार्य एवं शिक्षक गण, मित्र गण एवं मीडिया प्रभारी पुरन साहू ने बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।



# महेन्द्र बने तहसील साहू संघ छुरा के निर्विरोध अध्यक्ष




हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

अपने लोगों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए संगठित रहना बहुत जरूरी है और साहू समाज में संगठन की आवश्यकता को महसूस करते हुए तथा सामाजिक एकता को सर्वोपरि रखते हुए तहसील साहू संघ छुरा के पदाधिकारियों का निर्विरोध निर्वाचन किया गया। जिसमें महेन्द्र साहू घटकर्रा पाण्डुका वाले को अध्यक्ष तहसील साहू संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चयन किया गया। तो वही पुरुष उपाध्यक्ष बिसहत साहू, महिला उपाध्यक्ष लता साहू, पुरुष संगठन सचिव तुलसी साहू, महिला संगठन सचिव रामकुमारी साहू बनाए गए। निर्वाचन अधिकारी के रूप में जिला साहू संघ गरियाबंद के कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, सलाहकार कुंजबिहारी साहू, मिंजून साहू, गैंदराम साहू तथा इस पूरी प्रक्रिया व व्यवस्था में अवध राम साहू खड़मा, राधेलाल साहू गुरुजी, विरेन्द्र साहू बोड़राबांधा, महेन्द्र साहू पंक्तियां, नरोत्तम साहू छुरा, योगिता साहू, मोतीलाल साहू, रामरतन साहू, गुलाब राम साहू, श्रवण साहू, दुलारी साहू, हेमलता साहू, कीर्ति, गिरवर साहू, टोमन लाल साहू, ओमप्रकाश साहू, राधिका साहू, मनीराम साहू, गुणवंत साहू, नेतराम साहू, भोजराम साहू, भुपेंद्र साहू, पुनऊ राम साहू, ओमप्रकाश साहू, बिसन साहू, दुलारी साहू, लालूराम साहू, महेश्वरी साहू, सत्यवती साहू, यशवंत साहू, हेमन्त साहू, रेवा साहू, बीसूराम साहू, टोमेश्वर साहू, नीलकमल साहू, टुकेश्वर साहू, पुरुषोत्तम साहू, नूतन साहू, बसंत साहू, मोतीलाल साहू, शिवचरण साहू, फगेश्वर साहू, अजय साहू, तामेश्वर साहू, मनीराम साहू, भानुराम साहू, अंजनीकुमार साहू , लक्ष्मण साहू, शिवकुमार साहू, रामेश्वर साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

# योग आयोग के अध्यक्ष रूपनारायण का श्यामनगर में हुआ आत्मीय स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

योग आयोग के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त रूपनारायण सिन्हा का भव्य स्वागत हुआ। वे गरियाबंद जिला भाजपा के महामंत्री चंद्रशेखर साहू के निवास ग्राम श्यामनगर पहुंचे थे यहां योग से जुड़े संगठनों, समाजसेवियों और ग्रामीणो ने गर्मजोशी से स्वागत किया। श्री सिन्हा ग्राम श्यामनगर में समाजसेवी संस्था समर्पण ग्रुप द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण तथा अन्य गतिविधियों पर प्रसन्नता जाहिर किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक प्रेमलाल साहू ने योग, प्रतिदिन राष्ट्रगान, संघ की शाखा तथा समाजसेवी गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने चल रही समाजसेवी गतिविधियों में विशेष रुचि दिखाई तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों, एनजीओ और स्वयंसेवकों से मुलाकात की तथा स्वच्छता, पेयजल, शिक्षा, पर्यावरण आदि के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस दौरान योग आयोग के अध्यक्ष ने योग और स्वस्थ जीवनशैली के महत्व पर जोर दिया। कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह समग्र स्वास्थ्य और मानसिक शांति की कुंजी है। उन्होंने जिले में योग शिक्षा के प्रसार के लिए आयोग की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला। योग आयोग के अध्यक्ष का यह प्रथम दौरा जिले में योग और समाज सेवा के कार्यों को नई गति प्रदान करने वाला माना जा रहा है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सोनपैरी कबीर आश्रम के प्रमुख देवकर साहेब, भाजयुमो नेता दीपक साहू, धनीराम साहू, महेश साहू, कीर्तन साहू, हेमंत वर्मा, कोमल साहू, राजेश साहू, होरीलाल साहू, चितरंजन साहू, छन्नू साहू, सतकोंन साहू, वामन निर्मलकर, प्रमोद साहू, मनीष साहू, ओमकार साहू, मोनू साहू सहित विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।





# नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में मना देवउठनी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

ग्राम बेलर स्थित श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में शनिवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ देवउठनी एकादशी, श्री खाटू श्याम बाबा जी का जन्मोत्सव, तुलसी विवाह एवं छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्री नर्मदेश्वर महादेव सेवा समिति, बेलर के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत 201 दीप प्रज्ज्वलित कर की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान नर्मदेश्वर महादेव एवं श्री खाटू श्याम बाबा जी की आराधना करते हुए भक्तिभाव से पूजा-अर्चना की। इसी अवसर पर 1 नवंबर 2000 को बने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर आरती उतारी गई। पारंपरिक रूप से देवउठनी एकादशी के पर्व पर श्री तुलसी विवाह व तुलसी पूजन संपन्न हुआ। मंदिर परिसर में भक्तों ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और प्रसादी वितरण किया गया।

---

# बेमौसम बारिश से किसान परेशान, खेतों में धान की फसल गिरी, कटाई रुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

इन दिनों मौसम बदलने से लगातार राजिम से लेकर पूरे जिले में हो रही बारिश से किसान परेशान है। इस रिमझिम बारिश और हवाओं के झोंकों से खेतों में खड़ी धान की फसल को नुकसान होने का अंदेशा जताया गया है।जिले के एक बड़े रकबा में फसल सो गई है। बेमौसम बारिश से एक बार फिर किसानों की जान सांसत में आ गई है।खेतों में धान पक गया है। कई जगह कटाई भी शुरू हो गईहै। ऐसे में किसानों का चिंतित होना लाजिमी है। अगर मौसम ऐसा ही रहा तो जिन खेतों में धान की फसल पकी हुई है उसे काटने का रिस्क किसान नहीं ले रहे है। फसल काटने को उत्साहित किसानों के मन में निराशा की भावना आ गई है। कई गांव में किसानों के खेतों में धान की फसलें कटाई के लिए तैयार हो चुकी थी, वे आड़ी-तिरछी होकर गिर गई है। फसल गिरने के बाद किसानों की मुसीबतें बढ़ गई है। ऐसा दृश्य राजिम क्षेत्र के जेंजरा,बकली, पितईबंद, रावड़, कुम्ही, कोमा, किरवई, बेलटुकरी, भैंसातरा, धुमा, परतेवा, सुरसाबांधा, श्यामनगर, बरोण्डा, सिंधौरी, चौबेबांधा तक खेतों में देखी जा रही है।जहां धान की पकी हुई फसलें सो चुकी है।



